NT>

**Title:** Need to ensure early functioning of telephone exchanges in Pune district, Maharashtra.

श्री अशोक नामदेवराव मोहोल (खेड़) : सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान गांवों को टेलीफोन सुविधा उपलब्ध करवाने की नीति की ओर दिलाना चाहता हूं। सरकार की नीति के अनुसार देश के सभी गांवों को सन् २००० तक टेलीफोन सुविधा उपलब्ध हो जानी चाहिए। किन्तु अभी भी देश के लगभग ७० प्रतिशत गांव ऐसे हैं जहां टेलीफोन सुविधा के दूर-दूर तक दर्शन नहीं हैं जबकि निर्धारित अवधि की समाप्ति में सिर्फ एक वर्ष बाकी रह गया है। महोदय, पूना जिले में लगभग ६० प्रतिशत ऐसे गांव हैं जहां टेलीफोन सुविधा अभी तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। कई गांवों के लिए ऐक्सटेंशन तो मंजूर हो चुके हैं किन्तु उन्हें शुरू करने के लिए आवश्यक सामग्री एवं धन उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस प्रकार वे ऐक्सटेंशन सिर्फ कागजों पर ही रह गए हैं। जो मौजूदा ऐक्सटेंशन हैं वे अपने क्षेत्र की मांग को पूरा करने में असमर्थ हैं। अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि पूना जिले के लिए मंजूर किये गये सभी ऐक्सचेन्जों को आवश्यक सामग्री एवं धन उपलब्ध करवाया जाए।